समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• दिसम्बर २०२१ • वर्ष ७२ • अंक १२
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

२५ दिसम्बर २०२१, कोलकाता: अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के ८६वें स्थापना दिवस समारोह में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष एवं भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री आदर्श कुमार गोयल को सम्मेलन के सर्वोच्च सम्मान 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान-२०२०' से विभूषित किया गया। चित्र में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया न्यायमूर्ति श्री गोयल को उक्त सम्मान-संबंधी मानपत्र प्रदान करते हुए; साथ में परिलक्षित हैं (बायें से) सर्वश्री संजय हरलालका, बसंत मित्तल, पवन गोयनका, प्रह्लाद राय अगरवाला, विजय लोहिया, श्रीमती शारदा लाखोटिया, संतोष सराफ एवं भानीराम सुरेका।

इस अंक में :

★ **अध्यक्षीय :** संगठित समाज सशक्त आवाज

★ **सम्पादकीय :** स्वभाव ही व्यक्ति का वास्तविक परिचय

★ **रपट :** स्थापना दिवस समारोह, राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक, स्वास्थ्य उपसमिति की बैठक, प्रादेशिक समाचार: बिहार, झारखंड, उत्कल एवं छत्तीसगढ़

★ सम्मेलन में नये सदस्यों का स्वागत

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष

श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया

Rungta Office, Nagar Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand- 833201
Email - tmtsales@rungtasteel.com

समाज विकास

◆ दिसम्बर २०२१ ◆ वर्ष ७२ ◆ अंक १२
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया**	४
स्वभाव ही व्यक्ति का वास्तविक परिचय	
● **अध्यक्षीय : गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया**	५-६
सम्मेलन का स्थापना दिवस – संगठित समाज सशक्त आवाज़	
● **रपट –**	
स्थापना दिवस समारोह	७-१०
स्थायी समिति की बैठक	११
स्वास्थ्य उपसमिति की बैठक	१२
● प्रादेशिक समाचार	१३-१९
● **देव-स्तुति : डॉ. जुगल किशोर सर्राफ**	२०
● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत	२०-२२

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९
पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

चिट्ठी आई है

मुख्य मंत्री
राजस्थान

मुम./सन्देश/ओएसडीएफ/2021
जयपुर, 13 दिसम्बर, 2021

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि 25–26 दिसम्बर, 2021 को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, कोलकाता के 87वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा रहा है।

प्रवासी राजस्थानियों के देशव्यापी संगठन अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन का स्थापना दिवस समारोह अपने आप में महत्वपूर्ण है। इससे इस संगठन की दीर्घकालीन सेवाओं और उपलब्धियों को व्यापक बनाने का मार्ग प्रशस्त होता है। यह शुभ है कि 25 दिसम्बर को "राजस्थान में औद्योगिक निवेश की संभावनाएं" विषय पर गोष्ठी और 7 दिवसीय राजस्थान संस्कृति मेला का आयोजन भी किया जा रहा है।

आशा है संगठन के कार्यक्रम प्रदेश के औद्योगिक विकास, समृद्ध संस्कृति, कलाओं, लोक विरासत और विशिष्टताओं को व्यापक बनाने की दृष्टि से सार्थक सिद्ध होंगे।

इस अवसर पर मुझे याद किया। इसके लिए धन्यवाद। मैं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों को 87वें स्थापना दिवस की बधाई देते हुए इसके सभी कार्यक्रमों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(अशोक गहलोत)

श्री सीताराम शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
चेयरमैन, सलाहकार समिति,
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन,
4 बी डकबैक हाउस, चौथा तल्ला,
41 शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता–700017

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

स्वभाव ही व्यक्ति का वास्तविक परिचय

व्यक्ति का वास्तविक परिचय उसके स्वभाव एवं व्यवहार से समझा जा सकता है। व्यक्ति के जीवन में सर्वाधिक महत्व उसके चरित्र का होता है। चरित्र मूलतः उसके स्वभाव पर निर्भर करता है। जिन विचारों, मन्तव्यों, संस्कारों में हम निरन्तर निवास करते हैं, वे ही क्रमशः हमारे स्वभाव बनते हैं। मानस शास्त्र के अनुसार विचार एक जीवित बल है। विचारों का दृढ़ चिंतन उनमें विश्वास, श्रद्धा के कारण वे विचार स्वभाव बन जाते हैं। कहते हैं, जिसका जैसा स्वभाव, सपने भी उसे वैसे ही आते हैं। स्वभाव के अनुरूप ही हमारा व्यवहार बन जाता है। स्वाभाव के विषय में कहा गया है –

स्वभावो न उपदेशेन शक्यते कर्त्तुमन्यथा
सुतप्तमपि पानीयं पुनर्गच्छति शीतताम्।

यानि उपदेश देकर स्वभाव नही बदला जा सकता, क्योंकि यह जन्मजात, प्रकृति का तय किया हुआ होता है।

यः स्वभावो हि यस्यास्ति स नित्यं दुरतिक्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा स किं नाश्नात्युपानहम्।।

जिसका जैसा स्वभाव होता है वह कभी टाला नहीं जा सकता। अगर कुत्ता राजा बन जाय तो क्या वह जूता नहीं खायेगा? जिसकी जैसी स्वभावजनित प्रकृति होती है वह छूटती नहीं। हर वस्तु या व्यक्ति का अपना मूल स्वभाव होता है। अग्नि का स्वभाव है जलाना। जल का स्वभाव शीतलता प्रदान करना। सर्प का स्वभाव है विष उगलना। चंदन का स्वभाव है सुगंध। रहीम जी ने इस विषय में बहुत ही सुंदर कहा है।

जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग,
चंदन विष व्यापे नहीं लिपटे रहत भुजंग।

जिसकी अच्छी प्रकृति होगी, कुसंग उसका बिगाड़ नहीं सकता। चंदन के वृक्ष पर विषधर सांप के रहते हुए भी चंदन अपनी सुगंध नही छोड़ता।

परमात्मा ने मनुष्य का मूल स्वभाव दिया है – दया, करुणा, क्षमा, शील, आपसी प्रेम-भाईचारे का। पृथ्वी पर करोड़ो किस्म के जीव हैं। इनमें से मनुष्य ही एकमात्र जीव है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का स्वभाव भिन्न-भिन्न होता है।

वाल्मीकी रामायण के युद्धकांड (३६.११) में रावण ने कहा है – मैं बीच में से दो टुकड़े हो जाऊँगा, पर किसी के सामने झुकूँगा नहीं। यह मेरा सहज दोष है और स्वभाव बदलना अत्यंत कठिन है। चाणक्य ने भी कहा है – **स्वभावो दुरतिक्रम** – यानि स्वभाव बदलना कठिन है। उसी कारण दुर्योधन को जूझना पड़ा एवं उसने स्वीकार किया –

जानामि धर्म न च मे प्रवृत्ति
जानाम्य धर्म न च मे निवृत्ति

अर्थात मैं यह जानता हूँ कि सही क्या है पर मैं अपने जीवन में इसका पालन नही कर पाता। उचित-अनुचित सब समझता हूँ, पर उचित की प्रकृति नहीं है, अनुचित से निवृत्ति नहीं हो पाती।

आज के सार्वजनिक जीवन की यही विडम्वना है। मनुष्य ही एकमात्र जीव है, जिसके 'जैसा है' और 'जैसा होना चाहिये' में भेद पाया जाता है।

प्रकृति अपना स्वभाव अपने ऋतुओं के माध्यम से व्यक्त करती है। इसलिये मनुष्य को जब जैसी आवश्यकता हो, उसके अनुसार ढलना पड़ता है। भिन्न ऋतुओं में हम अपना खान-पान, वेशभूषा ऋतु के अनुकुल कर लेते हैं। उसी प्रकार समाज में सभी व्यक्तियो के साथ उसके स्वभाव के अनुसार, अपने स्वभाव में परिवर्तन किये बिना, व्यवहार करना चाहिए। अन्यथा आपसी संबंधों में तनाव, वैमनस्य, असहयोग, असहिष्णुता का प्रादुर्भाव हो सकता है। हवा के रुख को हम बदल नहीं सकते, किन्तु हवा के रुख के अनुसार अपने के पास को समायोजित कर सकते हैं।

अतः मनुष्य को अपने स्वभाव के प्रति सचेत रहना चाहिये। आवश्यकता के अनुसार अपनी आदतों में परिवर्तन कर अपनी सोच को परिष्कृत करते रहना है। जो व्यक्ति भीतर से तृप्त, संतुष्ट और आनंदित है उसकी शांति को कोई भंग नहीं कर सकता। कुशल व्यवहार आपके जीवन का आइना है, इसका आप जितना व्यवहार करेंगे, आपकी चमक उतनी ही बढ़ेगी। गीता (१७.३) में कहा गया है –

सत्वानुरूपा सर्वस्य श्रद्धा भवति भारत।
श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः।।

जो मनुष्य जैसी श्रद्धा वाला होता है, वैसी ही उसकी निष्ठा होगी एवं उसके अनुसार ही उसकी गति होगी। इस विषय में प्रत्येक व्यक्ति को सचेत रहना चाहिए।

शिव कुमार लोहिया

अध्यक्षीय

सम्मेलन का स्थापना दिवस – संगठित समाज सशक्त आवाज़

– गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया

स्नेही-सुधी बन्धुओं,

पौष की इस ठिठुरती ठंड में आप सभी बन्धुओं का पूरी गर्मजोशी से अभिनन्दन! सम्मेलन के लिए दिसम्बर माह बहुत महत्वपूर्ण है। जब कोई विपदा आती है तो समाज अपने संगठन की ओर आशा भरी नजरों से विश्वास के साथ देखता है। ऐसी विपदा की एक घड़ी १९३५ में आन पड़ी थी। एक श्वेतपत्र प्रकाशित करके ब्रिटिश सरकार ने देशी रियासतों के नागरिकों को ब्रिटिश सरकार की नागरिकता के अधिकारों से वंचित करने की बात कही थी। फलतः प्रवासी मारवाड़ियों में खलबली मचनी स्वाभाविक थी। नागरिक अधिकार नहीं रहने से आदमी को असहजता तो लगती है – खासकर अपने ही देश में विदेशी होने का भय, अधिकारविहीन। ऐसे समय में इस श्वेतपत्र का विरोध करने हेतु संगठन की याद आई और हमारे स्वनामधन्य बुजुर्गों ने २५ दिसम्बर १९३५ को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना की।

सम्मेलन के प्राण-पुरुष स्व. ईश्वरदास जालान ने उस वक्त अपने विचार व्यक्त किए कि यह श्वेतपत्र अगर वापस नहीं होता है तो विभिन्न क्षेत्रों में बसे मारवाड़ी भाइयों को विदेशी माना जा सकता है जो हम किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर विरोध करना होगा। स्वर्गीय ईश्वरदास जालान, स्वर्गीय काली प्रसाद खेतान, स्वर्गीय बद्रीदास गोयनका आदि ने इस कार्य का बीड़ा उठाया। समाज के विशिष्ट व्यक्तियों यथा स्वर्गीय घनश्याम दास बिड़ला, स्वर्गीय जमनालाल बजाज आदि से सम्पर्क साधा गया और राजनीतिक प्रभाव से अन्ततः देशी रियासतों के वासियों को नागरिक अधिकार पुनः प्राप्त हुए। इस जटिल कार्य के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने से सम्मेलन की समाज में अच्छी छवि बनी और संगठन की महता का भी लोगों को भान हुआ। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन को जीवन्त रखने का लोगों ने पुरजोर समर्थन किया।

अनुचित कार्यों का विरोध करने एवं समाज को संगठित करने हेतु सम्मेलन एक आधार बना। अब उसे सही आकार देने का कार्य प्रारम्भ हुआ। नागरिकता के समान अधिकार प्राप्त करने के लिए सम्मेलन की स्थापना का उद्देश्य समाप्त हो गया पर इसको जीवन्त रखने की महत्ता समझ में आ गई। सम्मेलन के उद्देश्यों में समाज-सुधार, सेवा एवं सहायता, शिक्षा, चिकित्सा व अन्य सामाजिक एवं न्यायिक समस्याओं के निराकरण आदि कार्यों को समाहित किया गया। धीरे-धीरे लोगों में राजनीतिक चेतना भी आने लगी। सम्मेलन द्वारा समाज सेवा, सहायता के साथ-साथ समाज सुधार के कार्य किए जाने लगे। पर्दाप्रथा का पुरजोर विरोध हुआ जो १९६० से १९७० के दशक तक पूर्ण रूप से समाप्त हो गई। विधवा विवाह पहले निषेध था, विधवा विवाह कराने के लिए काफी प्रयास किए गये और समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने खुद इस मामले में अपने बच्चों का विधवा विवाह करके पहल की। आज विधवा विवाह का कोई विरोध नहीं है। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि हमारे स्वनामधन्य बुजुर्गों ने जिन उद्देश्यों को लेकर सम्मेलन की स्थापना की उनमें हमें आशातीत सफलता मिली। समय-समय पर व्याप्त बुराईयों के उन्मूलन में सम्मेलन की महती भूमिका रही है।

सम्मेलन की स्थापना में था जो विश्वास।
उसको पूरा कर रहा नौ दशकों का विकास।।
नौ दशकों का विकास कि जिसमें साथ सभी का।
है समाज आभारी उन सभी सुधी जनों का।।

ऐसा कोई समाज नहीं है जिसकी कोई समस्या न हो और हम भी समस्याओं से अछूते नहीं है, पर साथ ही साथ ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका निराकरण नहीं हो। हमने समय-काल के अनुसार कई बुराईयों के उन्मूलन में सफलता पाई है, लेकिन कई नई विसंगतियाँ आज नए रूप में सामने आ रही हैं। संयुक्त परिवार की अवधारणा समाप्त हो रही है। वैवाहिक सम्बन्धों में टकराव, बुजुर्गों के प्रति घटता सम्मान, सामाजिक समारोहों में ड्रेस कोड एवं मद्यपान का बढ़ता चलन, शादी के पहले फोटोशूट कार्यक्रम आदि हम सबके लिए चिन्ता एवं चिन्तन का विषय हैं। दिखावा और पाखण्ड बहुत समय से चला आ रहा है। हमें अपनी गौरवशाली विरासत को बढ़ाना एवं कुरीतियों का त्याग करना है, समय के अनुसार आगे बढ़ना है और साथ ही साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों को बनाये रखना है। हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना है। **संस्कारों की नाव पर, समय की धार पर** – हमें इस आधार पर आचरण करना है।

पहले अपना समाज मूलतः व्यवसाय एवं उद्योगों तक सीमित रहा है और उसमें सफलता का परचम भी लहराया है। हमें प्रसन्नता है कि आज समाज अन्य विद्यार्जन क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रहा है। समाज की आज हर सम्मानजनक क्षेत्र में अच्छी उपस्थिति दर्ज हो रही है। सीए, डाक्टर, इंजिनियर, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, आचार्य एवं शिक्षक – सभी का समाज में समावेश है। युवकों ने शिक्षा के हर क्षेत्र में अपनी पताका फहराई है। अब समाज में नारियाँ साक्षर ही नहीं, अन्य लोगों को साक्षर कर रही हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति तक अपने समाज की महिलाएँ हैं, लेखन के क्षेत्र में भी पीछे नहीं हैं। बाल विवाह अब सपने जैसी बात हो गई है। अब तो विवाह की उम्र ३० के पार जा रही है। यह भी उचित नहीं, इस पर गम्भीरता से चिन्तन करने की आवश्यकता है।

आज समाज में तलाक की बढ़ती प्रवृति चिन्ताजनक है।

हमारे संस्कारों में ऐसी कोई सोच नहीं थी। हमारे यहाँ विवाह एक सात्विक, शाश्वत संस्कार माना जाता है जिसे जीवन भर निभाना है। कोई विशेष लाचारी हो तो उसे अपवादस्वरूप लेना चाहिए। शाश्वत सम्बन्धों में अहंकार नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार बुजुर्गों के प्रति घटता सम्मान भी चिन्तनीय है। इस वजह से वृद्धाश्रमों की आवश्यकता पड़ने लगी है जो नहीं होनी चाहिए। विवाह एवं अन्य समारोहों में मदिरापान, सड़कों पर महिलाओं एवं पुरुषों का नाचना, आतिशबाजी, शादी से पहले फोटोशूट, ड्रेसकोड, अवांछित आचरण, दिखावा एवं पाखंड आदि अब बढ़ रहें है। इनको नियंत्रित करना आवश्यक है। हमें इसका सदा ध्यान रखना चाहिए कि समाज की छवि धूमिल न हो। सम्मेलन अपनी ओर से समाज को बराबर सचेत कर रहा है। अगर हमने अब भी समझदारी नहीं दिखाई तो हमें समझ लेना चाहिए कि हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है।

सम्मेलन का ध्येय वाक्य है – **"म्हारो लक्ष्य राष्ट्र री प्रगति"**। देशवासियों की प्रगति में ही देश की प्रगति निहित है। अगर हम अपने समाज की उन्नति में लगे हुए हैं तो वह राष्ट्र की ही प्रगति है। जिस देश के निवासी गरीब हैं, वह देश गरीब ही कहा जाएगा और जिस देश के निवासी खुशहाल है, वह देश खुशहाल। जो व्यक्ति जिस क्षेत्र में जिस काम में लगा है, उसको यदि पूरी मेहनत, निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से करता है तो वह राष्ट्र की ही सेवा कर रहा है।

पिछले सत्र में संगठन के सुदृढ़ीकरण पर काफी काम हुआ है, हमें इसे आगे भी जारी रखना है। "संगठित समाज सशक्त आवाज" – संगठन में शक्ति होगी तो हमें कोई भी अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करेगा। हमें प्रयास करना होगा कि हर प्रांत में अपनी शाखा हो तथा हर परिवार से सम्मेलन का ताल्लुक हो। **आने वाले नये वर्ष में आप सभी के सुख, समृद्धि, प्रगति एवं अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामना करता हूँ! नववर्ष राष्ट्र एवं समाज के लिए शुभ हो!**

जय राष्ट्र, जय समाज!

प्रादेशिक समाचार : छत्तीसगढ़

गत २० दिसम्बर २०२१ को छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से चौबे कॉलोनी, रायपुर स्थित मायाराम सुरजन प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक से कक्षा पाँच तक के बच्चों को स्वेटर वितरित किया गया।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का स्थापना दिवस समारोह

सेवा और समर्पण है मारवाड़ी समाज की परम्परा : आदर्श गोयल

'अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन पिछले ८६ वर्षों से समाज सुधार और सेवा के क्षेत्र में लगातार काम करते हुए समाज की महती सेवा कर रहा है। कोरोना–राहत के लिए भी सम्मेलन ने पूरे देश में कार्य किया है। नाम, पद, धन या किसी संसाधन का महत्व तभी है जब उसका आम जन के कल्याण में सदुपयोग हो।' ये विचार राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष एवं सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश **न्यायमूर्ति श्री आदर्श कुमार गोयल** ने गत २५ दिसम्बर २०२१ को सम्मेलन के ८७वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किए। समारोह शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित कला मंदिर सभागार में आयोजित किया गया।

न्यायमूर्ति गोयल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मेलन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। सम्मेलन की जनकल्यानकारी प्रकल्पों हेतु सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि **सम्मेलन एक संस्था–मात्र नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से सेवारत है और यही मारवाड़ियों की परम्परा भी है। उन्होंने कहा कि सदियों की गुलामी के दौरान हमारी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने के अनेक प्रयास किए गए किन्तु 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी'।**

सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज में व्याप्त बुराइयों के उन्मूलन एवं मानवीय-सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में सम्मेलन की महती भूमिका रही है। उन्होंने इस अवसर पर सम्मेलन के संस्थापकों एवं तदुपरांत इसे सींचित, संरक्षित करनेवाले मनीषियों का नमन करते हुए कहा कि ऐसा कोई समाज नहीं है जिसकी कोई समस्या न हो और ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान न हो। आवश्यकता है समाज के सभी तबकों, मातृशक्ति, युवाशक्ति को साथ लेकर, कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की। श्री गाड़ोदिया ने कहा कि लोग अपनी गौरवशाली विरासत और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में सांस्कृतिक पुनर्जागरण आज समय की माँग है। हमें रूढ़िवादी परम्पराओं और कुरीतियों का त्याग करना है। समय के अनुसार आगे बढ़ना है, पर साथ ही अपने सामाजिक मूल्यों, अपने जड़ों से जुड़े रहना भी आवश्यक है। सम्मेलन के सेवाकार्यों और कोरोना–राहत के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज केन्द्रीय और राज्य सरकारें कई योजनाएँ चला रही हैं और हमें इनका लाभ उठाने में संसाधनहीन समाजबंधुओं की सहायता करनी चाहिए।

समारोह में न्यायमूर्ति श्री आदर्श कुमार गोयल को विधिक/पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान तथा राष्ट्र एवं समाज की उत्कृष्ट सेवा हेतु अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सर्वोच्च सम्मान 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान' से विभूषित किया गया।

सर्वप्रथम न्यायमूर्ति श्री गोयल ने सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं अतिथिओं के साथ महागणेश के समक्ष दीप-प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह के स्वागताध्यक्ष एवं सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने सबका स्वागत

दीप प्रज्वलन

किया और सम्मेलन के कार्यकलापों में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

समारोह की सम्मानित अतिथि एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा **श्रीमती शारदा लाखोटिया** ने अपने वक्तव्य में कहा कि साथ आना और साथ रहकर समाज की सेवा करना एक गौरवपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि परम्पराओं में समयानुसार परिवर्तन आते रहते हैं किन्तु हमें ध्यान रखना चाहिए कि ये परिवर्तन सकारात्मक हों।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** ने अपने सम्बोधन में इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज मारवाड़ी युवक–युवतियाँ अपने परम्परागत उद्योग–व्यापार के क्षेत्र के अतिरिक्त सी.ए., डॉक्टर, वकील, प्रशासनिक सेवाओं, कला–साहित्य, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के परचम लहरा रहे हैं।

समारोह में ८८ वर्ष की आयु में ह्वील चेयर पर पधारे वरिष्ठ सदस्य **श्री द्वारिका प्रसाद गनेरीवाल** एवं रवड़ बोर्ड के चेयरमैन **श्री सावर धनानिया** को भी सम्मानित किया गया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री भानीराम सुरेका** ने धन्यवाद–ज्ञापन किया तथा पदाधिकारियों **सर्वश्री गोपाल अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल, बसंत कुमार मित्तल, दामोदर बिदावतका, नन्द किशोर अग्रवाल, लक्ष्मीपत भूतोड़िया, दिनेश जैन, कैलाशपति तोदी, पवन जालान, ओम प्रकाश अग्रवाल, सज्जन शर्मा, रमेश बजाज**, आदि, ने अतिथियों का स्वागत–समान किया।

संचालन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि, इतिहास, गतिविधियों एवं उद्देश्यों के उपाख्यानों से समारोह को ज्ञानप्रद और सरस बनाये रखा। समारोह में सर्वश्री के.के. डोकानिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, सुशील चौधरी, सुरेश अग्रवाल, प्रकाश किल्ला, हरि किशन झंवर, पवन अग्रवाल, महेश भुवालका, सर्वश्रीमती रेनु अग्रवाल, रेखा लाखोटिया, सुनीता हरलालका, मंजू अग्रवाल, सहित समाज के गणमान्य पुरुष–महिलायें उपस्थित थी।

औपचारिक समारोह के बाद शगुन इवेंट्स के बैनर तले, **श्री देव गोविन्द बिन्नानी** के निर्देशन में, राजस्थानी लोकसंगीत–नृत्य के कार्यक्रम 'हरियालो मारवाड़' की प्रस्तुति हुई। केसरिया बालम आओ जी पधारो म्हारे देस, पल्लो लटके, जैसे सुरीले गीतों की ससंगीत प्रस्तुति एवं साथ में सनभावन नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध रखा और सभागार लगातार तालियों से गूँजता रहा।

सम्मान समारोह

उपस्थित समाजबंधुओं के हर्षनाद एवं करतल ध्वनि के बीच **राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष एवं भारत के सर्वोच्च न्यायलय के भूतपूर्व न्यायाधीश श्री आदर्श कुमार गोयल को 'मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान – २०२०'** से नवाजने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। परम्परानुसार, श्री गोयल का संक्षिप्त परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री पवन कुमार गोयनका** ने प्रस्तुत किया। सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला**, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य **श्री रतनलाल बंका**, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री विजय कुमार लोहिया** एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने क्रमशः पुष्पगुच्छ, माला, पगड़ी, शॉल एवं मानपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

ज्ञातव्य है कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं दिल्ली की समाजसेवी संस्था **रामनिवास आशारानी लाखोटिया ट्रस्ट** के संयुक्त तत्वाधान में २०१४ में स्थापित यह सम्मान सम्मेलन द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्र एवं समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षणिक एवं चारित्रिक विकास के क्षेत्र में अनूठे एवं महत्वपूर्ण योगदान के लिए राजस्थानी मूल के एक व्यक्ति को दिया जाता है।

स्थापना वर्ष २०१४ में इस सम्मान से **प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय की कुलपति, सुख्यात वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद श्रीमती अनुराधा लोहिया** को, वर्ष २०१५ हेतु **सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री रमेशचन्द्र लाहोटी** को, वर्ष २०१६ हेतु समर्पित समाजसेवी **पद्मविभूषण श्रीमती राजश्री बिड़ला** को, वर्ष २०१७ हेतु **उद्योगपति–समाजसेवी श्री अनिल अग्रवाल** (चेयरमैन, वेदान्ता ग्रुप) को, वर्ष २०१८ हेतु **भारत की लोकसभा के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ राजनेता श्री ओम बिरला** को एवं २०१९ हेतु **दिल्ली के जनप्रिय मुख्यमंत्री श्री अनिल केजरीवाल** को सम्मानित किया गया था।

अतिथियों-वरिष्ठों का स्वागत-सम्मान

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री आदर्श गोयल का राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया द्वारा

सम्मानित अतिथि श्रीमती शारदा लाखोटिया का संयुक्त महामंत्री श्री गोपाल अग्रवाल द्वारा

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया का दिल्ली सम्मेलन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया द्वारा

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रह्लाद राय अगरवाला का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री दामोदर बिदावतका द्वारा

स्वागताध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ का श्री पवन जालान द्वारा

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री भानीराम सुरेका का संयुक्त महामंत्री श्री सुदेश अग्रवाल द्वारा

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन गोयनका का श्री रमेश बजाज (अध्यक्ष, उत्तर दिल्ली शाखा) द्वारा

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विजय लोहिया का राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बसंत मित्तल द्वारा

राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका का श्री ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा

वरिष्ठ समाजसेवी श्री द्वारिका प्रसाद गनेरीवाल का संगठन मंत्री श्री बसंत मित्तल द्वारा

रबड़ बोर्ड के चेयरमैन श्री सावर धनानिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया द्वारा

न्यायमूर्ति श्री आदर्श कुमार गोयल : संक्षिप्त जीवन परिचय

श्री आदर्श कुमार गोयल का जन्म ०७ जुलाई १९५३ को हिसार (हरियाणा) में हुआ। आपने पंजाव विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की शिक्षा ग्रहण की। १६ जुलाई १९७४ को आप बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के सदस्य बने। आपने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में लगभग २७ वर्षों तक वकालत की। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ११ फरवरी १९९९ को उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया। ०२ जुलाई २००१ को आप पंजाव एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनाये गये। १७ मई २००५ को उन्हें हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज ऑथिरिटी का एक्जेक्यूटीव चेयरमैन मनोनीत किया गया। ०२ मई २०११ को आप पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (कार्यकारी) बने और १२ सितम्बर २०११ को गौहाटी उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश। २० दिसम्बर २०११ को उन्होंने गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। १२ अक्तूबर २०१३ को आपने ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद ग्रहण किया।

०७ जुलाई २०१४ को आपने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया। ०६ जुलाई २०१८ को भारत सरकार द्वारा आपको राष्ट्रीय हरित अधिकरण का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

न्यायमूर्ति श्री गोयल की पहचान विधिक प्रक्रिया में तकनीक को बढ़ावा देने वाले न्यायाधीश के रूप में है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के वाद आपने अधिकरण एवं इसकी भोपाल, चेत्रै, कोलकाता एवं पुणे स्थित क्षेत्रीय न्यायालयों के पास बड़ी संख्या में लम्बित पड़े मामलों को निपटाने में वीडिया कांफ्रेंसिंग के प्रयोग की पहल की जिससे सभी क्षेत्रीय न्यायालय बेहतर, तीव्रतर और प्रभावी रूप में काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष के रूप में इन्होंने कई महत्वपूर्ण, साहसिक एवं ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा न्यायमूर्ति श्री गोयल का अभिनंदन

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थायी समिति की बैठक

सेवा के प्रयासों को जरूर मिलती है सफलता : गोवर्धन गाड़ोदिया

'कोरोना-राहत हेतु अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने पूरे देश में हर स्तर पर कार्य किया है और अगर हमारे प्रयास प्रभावित लोगों के दर्द पर मरहम लगा पाये हैं तो यह हमारे प्रयासों की सफलता है। इस वैश्विक महामारी से प्रभावित लोगों, खासकर संसाधनहीनों की मदद करना आज हमारा परम धर्म है और यही मारवाड़ी समाज की परम्परा भी रही है।' ये विचार सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** ने गत २३ दिसम्बर २०२१ को शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित केन्द्रीय सम्मेलन सभागार में आयोजित राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक में व्यक्त किए। श्री गाड़ोदिया ने कहा कि **निश्चय से कुछ नहीं, निर्णय से कुछ और करने से सब कुछ होता है।** उन्होंने कहा कि यदि हम समर्पित भाव से समाज सेवा के प्रयास जारी रखें तो हमारे प्रयासों की सफलता अवश्यंभावी है।

बैठक में सर्वप्रथम श्री गाड़ोदिया ने सबका स्वागत किया और २५ दिसम्बर २०२१ को कला मंदिर सभागार, कोलकाता में आयोजित सम्मेलन के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के विषय में बताया। उन्होंने सभी उपस्थितों से समारोह में पधारने और अधिकाधिक समाजबंधुओं को समारोह में आने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने राष्ट्रीय स्थायी समिति की पिछली बैठक (२५ जुलाई २०२१; वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से) का कार्यवृत प्रस्तुत किया जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। सम्मेलन की हालिया गतिविधियों का ब्यौरा देते हुए श्री हरलालका ने बताया कि गत महीनों में सम्मेलन ने कोरोना–राहत सेवाकार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण वर्तमान परिस्थितियों में सेवाकार्यों का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को रोटी और बीमारी की स्थिति में चिकित्सासहायता देना मानवता की महती सेवा है। श्री सराफ ने कहा कि जरूरतमंद समाजबंधुओं की चिकित्सा-सहायता के लिए सम्मेलन द्वारा शीघ्र ही एक प्रकल्प की स्थापना की जाएगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन **श्री दिनेश जैन** ने बताया कि सम्मेलन के रोजगार सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक १७३ युवक-युवतियों को उपसमिति के माध्यम से संतोषजनक नौकरियों में रखवाया गया है। इसमें सहयोग हेतु उन्होंने समाज के नियोक्ताओं का आभार प्रकट किया।

सूचना तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन **श्री कैलाशपति तोदी** ने वेबसाईट अपडेशन की प्रगति के विषय में बताते हुए कहा कि अब तक लगभग सत्रह हजार सदस्यों के विवरण जाँचे जा चुके है और अशुद्धियों का संशोधन तथा कमियों को पूरा किया जा चुका है।

वित्तीय उपसमिति के चेयरमैन **श्री आत्माराम सोंथलिया** ने समाज विकास प्रकाशन में बिलम्ब पर चिंता व्यक्त की और सभी उपस्थितों से समाज विकास में विज्ञापन-सहयोग का अनुरोध किया।

स्वास्थ्य उपसमिति के चेयरमैन **श्री पवन कुमार जालान** ने गत ११ दिसम्बर २०२१ को आयोजित उपसमिति की बैठक के विषय में बताया और कहा कि स्वास्थ्य सम्बंधी भावी प्रकल्प प्राथमिकता देकर स्थापित करने के विषय में आवश्यक विचार-विमर्श किया जा रहा है।

निर्देशिका उपसमिति के चेयरमैन **श्री ओमप्रकाश अग्रवाल** ने बताया कि शीघ्र ही इस सत्र की निर्देशिका के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। सूचना तकनीक एवं वेबसाईट उपसमिति के चेयरमैन श्री कैलाशपति तोदी का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वेबसाईट के अपडेट होने से निर्देशिका प्रकाशन में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री बसंत कुमार मित्तल** ने बताया कि कोरोना-जनित प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण सम्मेलन के संगठन-विस्तार को अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। तथापि, वर्तमान परिस्थितियों के आलोक में, सदस्यता का विस्तार संतोषजनक है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री भानीराम सुरेका**, पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंदकिशोर अग्रवाल**, **सर्वश्री रतनलाल बंका**, **अरुण प्रकाश मल्लावत** एवं **प्रमोद गोयनका** ने भी अपने संक्षिप्त विचार रखे।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल** ने आम जन के कल्याण और समाजहित में सहयोग के सक्रिय प्रयासों हेतु सबका आभार व्यक्त किया। बैठक में संयुक्त राष्ट्रीय महामंत्री श्री सुदेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री दामोदर बिदावतका, सर्वश्री काशी प्रसाद धेलिया, राधा किशन सफ्फड़, सुरेश अग्रवाल, पवन बंसल, विनय सराफ, रवि लोहिया, संदीप सेक्सरिया, राजेश अग्रवाल, संजय शर्मा, राजेश कुमार पोद्दार आदि उपस्थित थे।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्वास्थ्य उपसमिति की बैठक

संसाधनहीन लोगों की चिकित्सा में सहायता के लिए कदम उठाना जरूरी : पवन जालान

गत ११ दिसम्बर २०२१ को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्वास्थ्य उपसमिति की बैठक उपसमिति के चेयरमैन **श्री पवन कुमार जालान** के सभापतित्व में शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित केन्द्रीय सम्मेलन सभागार में आयोजित की गई। वर्तमान सत्र में यह उपसमिति की पहली बैठक थी।

बैठक में सर्वप्रथम श्री जालान ने सभी उपस्थियों का स्वागत किया और तत्पश्चात् ०९ दिसम्बर २०२१ को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में प्राण गँवाने वाले **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत**, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका रावत एवं ११ अन्य को मौन-श्रद्धांजलि दी गई।

श्री जालान ने सभी को स्वास्थ्य उपसमिति की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि संसाधनहीन समाजबंधुओं की चिकित्सा में सहायता आज एक महत्वपूर्ण जरूरत है और इसमें आगे आकर अपनी भूमिका निभाना हम सभी का कर्त्तव्य है। इसके लिए प्रारम्भिक कदम के रूप में उपसमिति जरूरतमंद समाजबंधुओं को राहत देने एवं उनकी चिकित्सा में सहायता हेतु सभी उपलब्ध विकल्पों और सम्भावनाओं पर विचार करेगी और फिर सर्वसम्मति से इस दिशा में ठोस कदम उठाये जायेंगे। बैठक में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के वर्तमान परिदृश्य, विशेषकर कोरोना महामारी एवं इसके विभिन्न वेरियेंट्स से उत्पन्न परिस्थितियों, पर सविस्तार चर्चा हुई।

